भा. कृ. अनु. प.-भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा "**मेरा गाँव मेरा गौरव**" एवं **संतुलित उर्वरक उपयोग अभियान** के तहत 80 किसानों का प्रशिक्षण, चौपारण प्रखंड के बैहरा गाँव में दिनांक 07 मई 2026 आयोजित:

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के तत्वावधान में "मेरा गाँव मेरा गौरव" एवं संतुलित उर्वरक उपयोग अभियान के तहत बैहरा गाँव में 80 किसानों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन निदेशक डॉ. सी.एच. श्रीनिवास राव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन परिसर प्रभारी डॉ. एस.के. महंता एवं नोडल पदाधिकारी डॉ बीएन मंडल के संरक्षण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समन्वय में जिला कृषि पदाधिकारी डॉ रायमनी हेम्ब्रम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का नेतृत्व वरिष्ठ वैज्ञानिक डा विजय बहादुर सिंह चौहान द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को संतुलित उर्वरकों के सही उपयोग,जैविक उर्वरकों उपयोगिता एंव एककीकृत पोषक तत्व प्रबंधन, प्राकृतिक खेती तथा आधुनिक कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। वैज्ञानिकों ने किसानों को मिट्टी जांच के आधार पर उर्वरकों के प्रयोग की सलाह दी तथा फसल उत्पादन बढ़ाने के प्रभावी उपाय बताए। कार्यक्रम में संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वंदना., एवं वैज्ञानिक डा आशा कुमारी ने भी किसानों को आधुनिक कृषि, जैविक उर्वरक के महत्तव पद्धतियों एवं टिकाऊ खेती के बारे में जानकारी दी। किसानों ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं किसान उपस्थित रहे।